# पुलिस लाईन में ब्राइटर माइंड्स अल्फा कोर्स के द्वितीय बैच का सफल समापन

## मध्यप्रदेश पुलिस परिवारों के बच्चों के मानसिक व बौद्धिक विकास की दिशा में सराहनीय पहल

**मंडला, देशबन्धु।** दिनांक 09 जून 2025 को पुलिस मुख्यालय के निर्देशन में, मध्यप्रदेश पुलिस एवं हार्टफुलनेस विश्व मुख्यालय कान्हा शांति वनम, हैदराबाद के सहयोग से मंडला जिला पुलिस द्वारा ब्राइटर माइंड्स अल्फा कोर्स के द्वितीय बैच का समापन समारोह आयोजित किया गया। यह विशेष कोर्स 05 से 15 वर्ष की उम्र के पुलिस परिवारों के बच्चों के मानसिक, बौद्धिक एवं आत्मिक विकास हेतु चलाया जा रहा है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा एवं रक्षित निरीक्षक सुनील नागवंशी के मार्गदर्शन में मंडला पुलिस लाइन स्थित लर्निंग सेंटर में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस बैच में कुल 40 बच्चों ने सक्रिय सहभागिता की। समापन अवसर पर ब्लाइंडफोल्ड एक्टिविटी करवाई गई, जिसमें बच्चों ने आंखों पर पट्टी बांधकर विभिन्न रंगों की पहचान कर अपनी एकाग्रता, स्मरण शक्ति और अंतर्ज्ञान क्षमता का परिचय दिया।



प्रशिक्षण प्रदान करने वाले प्रशिक्षक प्रधान आरक्षक देवेन्द्र सिंह राजपूत एवं महिला आरक्षक मिथलेश पाटिल जो कन्हा शांति वनम, हैदराबाद से प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षक द्वारा बच्चों को ब्राइटर माइंड्स के वैज्ञानिक व आध्यात्मिक आधार पर तैयार सत्रों के माध्यम से ट्रेनिंग दी गई, जो बच्चों के तंत्रिका तंत्र के विकास, एकाग्रता बढ़ाने और आत्मविश्वास को उभारने में सहायक रही। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की गई और उन्हें आगे भी ऐसे प्रयासों में जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया। मंडला पुलिस द्वारा यह पहल पुलिस परिवारों के सर्वांगीण विकास और भावी पीढ़ी को मानसिक रूप से और भी सशक्त बनाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

# क्रांतिकारी बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि में शामिल हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष

**भुआ बिछिया, देशबन्धु।** बिछिया के रेस्ट हाउस परिसर में 9 जून को भारत देश के महान क्रांतिकारी और स्वतंत्रता सैनानी वीर बिरसा मुंडा जी की पुण्यतिथि पर भारतीय जनता पार्टी मंडल बिछिया के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया । सर्वप्रथम भगवान बिरसा मुंडा जी के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर पुष्प अर्पित किए गए उसके पश्चात अतिथियों , कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों का परिचय हुआ और तत्पश्चात भाजपा जिला महामंत्री नीरज मरकाम द्वारा बिरसा मुंडा जी की पुण्यतिथि पर उनके जीवन और संघर्षों के बारे में उपस्थित लोगों को बतलाया गया । अगले उद्बोधन में भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज भट्ट द्वारा भगवान बिरसा मुंडा जी के जीवन आधारित उनके द्वारा किए गए वीरता पूर्ण कार्यों पर प्रकाश डाला गया । इसके बाद भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री श्याम महाजन ने बिरसा मुंडा जी की पुण्यतिथि में उन्हें याद करते हुए उनके जीवन की महत्वपूर्ण बातों को और हमें उनके जीवन से क्या प्रेरणा लेनी चाहिए इस विषय पर अपने विचार व्यक्त किए ।



**संगठनात्मक बैठक भी हुई संपन्न-** बिछिया स्थित रेस्ट हाउस में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्री श्याम महाजन द्वारा संगठनात्मक बैठक भी ली गई जिसमें सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से विभिन्न विषयों में चर्चा की गई साथ ही कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश और आगामी कार्ययोजना के सम्बन्ध में भी चर्चा की गई। भाजपा की केंद्र सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियां और गरीब कल्याण के लिए चलाई जा रही केंद्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हितग्राही व्यक्ति को मिलता रहे इस हेतु भी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से चर्चा परिचर्चा हुई। कार्यक्रम में मंच संचालन मंडल महामंत्री नरेश राजपूत और आभार प्रदर्शन दीपक कटारे द्वारा किया गया।

कार्यक्रम और बैठक में भाजपा जिला महामंत्री नीरज मरकाम, नगर पंचायत अध्यक्ष रजनी मरावी सहित समस्त सम्मानीय पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, मातृशक्तियों एवं सभी कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### जनसुनवाई में मिली आर्थिक सहायता एवं दिव्यांग प्रमाण प्रत्र



**मंडला, देशबन्धु।** घुघरी विकासखंड के ग्राम चोबा निवासी समिता ने 10 जून को सम्पन्न हुई जनसुनवाई में कलेक्टर सोमेश मिश्रा को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। आवेदिका की समस्याओं को सुनने के बाद कलेक्टर ने सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे को निर्देशित कर जनसुनवाई में ही दिव्यांग प्रमाण प्रत्र बनवाया। साथ ही जीवनयापन के लिए दिव्यांग समिता को रेडक्रास सोसायटी के माध्यम से 5 हजार 1 सौ रूपए की सहायता राषि का चैक भी प्रदान किया गया। इसके अलावा आने जाने का किराया देकर आर्थिक सहायता की गई। समस्याओं का तत्काल निकराकरण होने पर आवेदिका ने संवेदनषील जिला प्रषासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

### अज्ञात महिला के शव की पहचान कर सूचना दें

**मंडला, देशबन्धु।** थाना प्रभारी थाना मोतीनाला से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना मोतीनाला जिला मंडला (म.प्र.) में 6 जून 2025 को ग्राम मोतीनाला, नटराज होटल से करीबन 3 किमी आगे एनएच-30 मार्ग, किनारे जोगी मंढ़ी के जंगल में एक अज्ञात महिला उम्र करीबन 30-35 वर्ष की शव (करीबन 5-7 दिन पुराना) हरदूल के पेड़ एवं पत्थर के बीच क्षत-विक्षत हालत में मिलने पर थाना मोतीनाला में मर्ग क्रमांक 20/2025 धारा 194 बीएनएसएस का पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया है। मृतक के पहचान के संबंध में कोई जानकारी प्राप्त नही हो सका है। अज्ञात महिला का शव मिलने के संबंध में शव की पहचान एवं उसके परिजनों की तलाश हेतु किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर थाना मोतीनाला, जिला मंडला, थाना प्रभारी मो.नं. 6266658689 एवं जाँचकर्ता 7987907047 को सूचित करें।

### कान्हा नेशनल पार्क में कार्यशाला आयोजित

**मंडला, देशबन्धु।** संयुक्त संचालक (साहसिक पर्यटन) ने बताया कि म.प्र. पर्यटन बोर्ड द्वारा प्रमुख राष्ट्रीय उद्यानों में कार्यशालाएं आयोजित कर मानसून अवधि में पर्यटन को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जा रहा है। इस उददेश्य हेतु कान्हा नेशनल पार्क के बघीरा जंगल रिसोर्ट मोचा में 14-15 जून 2025 को कार्यशाला आयोजित की जा रही है, जिसमें एडवेंचर ऑपरेटर्स, स्थानीय होटल एवं रिसोर्ट के प्रतिनिधि, इन्फ्लुएन्सर, ब्लॉगर एवं टूर ऑपरेटर सहित लगभग 100 प्रतिनिधि भाग लेंगे एवं कार्यशाला में देश के प्रमुख एडवेंचर ऑपरेटर्स जैसे एटीओएआई, पगडण्डी सफारी, इंडिया हाईक्स इत्यादि द्वारा मार्गदर्शन दिया जावेगा। कार्यशाला में संभागायुक्त जबलपुर, कलेक्टर बालाघाट एवं मंडला, नेशनल पार्क प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया है। कार्यशाला को प्रमुख सचिव पर्यटन द्वारा सम्बोधित किया जावेगा ताकि इस क्षेत्र में पर्यटन के विकास को नई गति प्राप्त हो सके।

### आद्या प्रसाद मिश्रा का निधन



**भुआ बिछिया, देशबन्धु।** जिले के वयोवृद्ध , सेवानिवृत्त शिक्षक, धार्मिक यज्ञाचार्य, विद्वान शास्त्री आद्या प्रसाद मिश्रा का 97 वर्ष की आयु मे आज निधन हो गया। आप शिक्षक अवधेश मिश्रा ,उमेश मिश्रा, अखिलेश मिश्रा के पिता थे । घुटास रोड स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**मंडला, देशबन्धु।** प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जल जीवन मिशन के अंतर्गत शुद्ध जल से सुरक्षा अभियान प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रचार रथ मंडला जिले के ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर नागरिकों को शुद्धजल से सुरक्षा अभियान का संदेश देगा।

# डाईट में बेटी बचाओ बेटी पढ़ायो योजना अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन

**मंडला, देशबन्धु।** डाईट में बेटी बचाओ बेटी पढ़ायो योजना अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाल में उपस्थित प्रतिभागीयों को वन स्टॉप सेंटर प्रशासक सुश्री प्रेरणा मर्सकोले द्वारा वन स्टॉप सेंटर में दी जाने वाली सहायताओं के बारे में लागों को बताया गया। साथ ही डायल 100, चाईल्ड हेल्प लाईन 1098, महिला हेल्पलाईन नंबर 181, साईबर सुरक्षा हेल्प लाईन 1930 तथा वन स्टॉप सेंटर मण्डला एवं एचयूबी के संबंध में लोगों को बताया गया। साथ ही कार्यालय का नंबर 07642252699 के बारे में भी प्रचार प्रसार हेतु लोगों को जागरूक किया गया। तत्पश्चात पेरालीगल वॉलेंटियर



शिखा श्रीवास्तव द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लोगों को दी जाने वाली सहायताओं एवं उनके सारथी अभियान एवं 18 वर्ष से कम उम्र के निराश्रित बच्चों को दी जाने वाली सुविधा की जानकारी के बारे में उपस्थित लोगों को विस्तृत रूप से बताया। उक्त कार्याशाला में डाईट के प्राचार्य श्री डी.सी. उईके, सहायक अध्यापक उमा बर्वे, शिक्षकगंण एवं वन स्टॉप से केसवर्कर सुश्री आशा नंदा, श्रीमती साक्षी पटवा बहूउद्देशीय कार्यक्रर्ता हरीशंकर कछवाहा उपस्थित रहे।

# रेलवे वाहन स्टैंड में धांधली की आशंका

## पैसे लेने के बाद नहीं दी जाती रसीद

**मंडला, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के मंडला जिले में हर तरफ धांधली का आलम है जहां देखो वहां सिर्फ गड़बड़ी ही गड़बड़ी हो रही है यह सब कुछ शासन प्रशासन की लापरवाही की वजह से हो रहा है ऐसा लोगों का मानना है लोगों का मानना यह भी है कि सब कुछ सरकारी तंत्र के संरक्षण में इस जिले में हर काम में गड़बड़ी हो रही है अब रेलवे नैनपुर की गड़बड़ी भी सामने आई है मध्य प्रदेश के मंडला जिले मेंरेलवे के कामों की कोई जांच पड़ताल तो की नहीं जा रही है साथ में मंडला जिले की तहसील नैनपुर रेलवे के वाहन स्टैंड की भी जांच नहीं की जा रही है नैनपुर रेलवे के वाहन स्टैंड के संबंध में चर्चा चल रही है कि यहां पर यदि दो-तीन दिन या एक सप्ताह के लिए वाहन रख दिया जाता है तो उसकी अधिकतम राशि वसूल की जाती है जिसकी कोई रसीद वाहन मालिकों को नहीं दी जाती है जितना पैसा वसूल किया जाता है उतने पैसे की विधिवत रसीद आज तक किसी को नहीं दी जा रही है एक रसीद जैसा कागज दिया जाता है जिसमें शुल्क लिखा रहता है प्रति घंटे ,प्रतिदिन, सप्ताह व एक माह का शुल्क लिखा रहता है उसी के अनुसार राशि ली जाती है वह रसीद भी वाहन स्टैंड में जमा कर ली जाती है लोगों का सवाल है कि जो पैसा लिया जाता है जितना पैसा लिया जाता है उसकी रसीद अलग से क्यों दी नहीं जाती हैजो कागज थमाया जाता है वह तो सिर्फ शुल्क का विवरण रहता है विवरण वाली रसीद रहती है पैसे लेने वाली कोई रसीद नहीं दी जाती है यहां पर हमेशा विवाद भी होता रहता है इसी वजह से विवाद होता है वाहन मालिकों से अनाप-शनाप पैसा यहां पर वसूल किए जाने की चर्चा चल रही है तत्काल यहां पर नियंत्रण किया जाए वाहन मालिक को सही रसीद दी जाए शुल्क विवरण की रसीद नहीं दी जाए जो पैसा लिया जाता है उसका अलग से रसीद दिया जाना चाहिए वाहन स्टैंड ठेकेदार और उनके कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाकर जावे जिसे भी यहां पर वाहन स्टैंड का ठेका दिया गया है उसे तत्काल यहां से हटाया जाए और किसी दूसरे को वाहन स्टैंड का ठेका दिया।

# जनसुनवाई में पहुंचे 106 आवेदक कलेक्टर ने दिए निराकरण के निर्देश



**मंडला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जिला योजना भवन में संपन्न हुई जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने आवेदकों की समस्याएं सुनकर उनका समुचित निराकरण करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जनसुनवाई में 106 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदन की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए एवं आवेदन की प्रकृति के अनुसार समय सीमा निर्धारित की। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, जेपी यादव, संयुक्त कलेक्टर सीएल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर क्षमा सराफ, एसडीएम मण्डला सोनल सिडाम सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में खाद्यान्न पर्ची, आवास योजना, अतिक्रमण, भुगतान, सीसी रोड, भूमि विवाद आदि से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए गए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों के निराकरण करने के निर्देश दिए।

# जनप्रतिनिधियों की निष्क्रियता से नागरिक भारी नाराज

**मंडला, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश की मंडला जिले में यूं तो कई तरह की समस्याओं का अंबार लगा हुआ है लेकिन इस जिले के जनप्रतिनिधि समस्याओं के निराकरण के लिए ध्यान नहीं दे रहे हैं जिला जिला पंचायत सदस्य जनपद सदस्य विधायक व सांसद पता नहीं क्या कर रहे हैं उनके कामों का ज्यादा पता नहीं चल पा रहा है यह अपने क्षेत्र में जनसंपर्क करने में भी लापरवाही कर रहे हैं ढेर सारी समस्याओं का अंबार इस जिले में लगा हुआ है इसके बावजूद यह सभी गहरी नींद में सोए हुए हैं शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, यातायात, सड़क, कृषि, उद्यान पर्यटन, उद्योग की बेहद बुरी हाल हैं गंदगी बीमारी धांधली निरक्षरता बेरोजगारी चरम सीमा पर पहुंच गई है इन सभी समस्याओं के निराकरण के लिए जनप्रतिनिधियों द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के लिए गंभीरता पूर्वक ध्यान नहीं दे रहे हैं तमाम तरह की समस्याएं उनके क्षेत्र में मौजूद हैं इसके बावजूद भी इनका सक्रिय नहीं होना नागरिकों के आक्रोश में इजाफा करना जैसा हो रहा है नागरिक इनकी बेहोशी की वजह से परेशान है और इसे लगातार नाराज होते जा रहे हैं सभी जिला पंचायत सदस्य सभी जनपद सदस्य सभी विधायक एवं सांसद संपूर्ण मंडला जिले में खासकर अपने-अपने क्षेत्र में सभी तरह की समस्याओं के निराकरण के लिए आखिर कब आगे आएंगे नागरिक सवाल कर रहे हैं,,? जन अपेक्षा है सभी उक्त जनप्रतिनिधि मंडला जिले की समस्याओं के निराकरण के लिए परिणाम कार्य प्रयास करें

# नंदिनी के लिए जनसुनवाई बनी वरदान



**मंडला, देशबन्धु।** राज्य शासन गरीब, वंचित, वृद्ध एवं दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत है। जनसुनवाई के माध्यम से आवेदकों द्वारा बताई जा रही समस्या के जिला प्रशासन द्वारा संज्ञान में आते ही उन समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला 10 जून 2025 को आयोजित हुई जनसुनवाई में आया। ग्राम भपसा के अस्थिबाधित दिव्यांग नंदिनी कछवाहा ने बैसाखी की समस्या से संबंधित आवेदन दिया।

कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार सामाजिक न्याय विभाग के माध्यम से दिव्यांग नंदिनी कछवाहा को बैसाखी प्रदान की। नंदिनी ने अपनी समस्या का मौके पर ही निराकरण होने से जिला प्रशासन एवं सामाजिक न्याय विभाग के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**मंडला, देशबन्धु।** भारत सरकार सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर मद्यपान, मादक पदार्थ एवं उनके द्रव्यों के सेवन से होने वालें दुषपरिणामों से युवा छात्र - छात्राओं और आमजन में जागरूकता लाने हेतु जिले में शैक्षणिक संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत 1 जून से 26 जून 2025 निरंतर मद्यपान, जागरूकता लाने हेतु एनएमबीए गतिविधि कलेण्डर एवं सुझावात्मक गतिविधि सूची जारी कर निर्देश दिए गए थे।

# निर्वाचन संबंधी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करें- मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

**मंडला, देशबन्धु।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से सभी जिलो के निर्वाचन/उपनिर्वाचन अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने जिले में समस्त सोशल मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया एवं प्रिंट मीडिया में आयोग के निर्वाचक नामावली संबंधी कार्यों एवं निर्वाचन संबंधी विभिन्न योजनाओं/प्रेस विज्ञापनों/प्रेस विज्ञप्तियों का सतत रूप से प्रचार-प्रसार करने एवं आयोग/मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश के निर्देशों के त्वरित आदान-प्रदान हेतु वाट्सऐप्प ग्रुप बनाए जाने के निर्देश दिये। आयोग/मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश के सोशल मीडिया एकांउट को फालो करने तथा नियुक्त कैम्पस एम्बेसडर को भी सक्रिय करने के निर्देश वीडियो कॉफ्रेंस में दिये। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुक्रम में सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर अपने सभी बीएलओ को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के सोशल मीडिया एकांउट को फालो करने हेतु निर्देशित करें तथा विभिन्न स्तरों पर वाट्सएप्प ग्रुप बनाकर समस्त सोशल मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया एवं प्रिंट मीडिया में आयोग के निर्वाचक नामावली संबंधी कार्यो एवं निर्वाचन संबंधी विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार के निर्देशित किया गया। मण्डला एनआईसी कक्ष से अपर कलेक्टर अरविंद्र सिंह, एसडीएम सोनल सिडाम, निर्वाचन अधीक्षक अरूण कुशवाहा वीसी में शामिल हुए।

# ईंट का लाखों रुपया देने में आनाकानी

## जनसुनवाई में कलेक्टर को की शिकायत, समूह से ब्याज का पैसा लेकर बनाई थी ईंट

**मंडला, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के मंडला जिले में महिलाओं के साथ लगातार अत्याचार की घटनाएं बढ़ती जा रही है एक घटना फिर सामने आई है महिला ने बताया है कि ग्राम सिलगी मैं समूह से ब्याज का पैसा उठाकर ईट बनाने का काम कर परिवार का भरण पोषण कर रही थी ग्राम सिलगी निवासी महिला सुधा चक्रवर्ती पति श्री चंदन चक्रवर्ती ने जनसुनवाई में कलेक्टर को शिकायत की है कि मंडला के सौरभ सिंधिया द्वारा लगभग 2 साल से ईट का लाखों रुपया नहीं दिया जा रहा है उसके द्वारा जो चेक दिए गए थे वह बाउंस हो गए हैं पैसा मांगने पर उसके द्वारा कहा जाता है कि दे देंगे लेकिन आज तक पैसा नहीं दिया जा रहा है फोन करने पर कहता है कि फोन नहीं करना और घर नहीं आना इस तरह से पैसा देने में इसके द्वारा आना-कानी की जा रही है इस संबंध मे कलेक्टर ने तहसीलदार को जांच के आदेश दिए हैं एवं इन्होंने कहा है कि यदि जल्दी जांच नहीं होती है तो बम्हनी बंजर पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराओ इस संबंध में पुलिस को में स्वयं भी सूचित कर दूंगा कलेक्टर के द्वारा यह आश्वासन दिया गया है देखना यह है की कार्यवाही कितनी जल्दी होती है सुधा चक्रवर्ती ने बताया कि जैसे तैसे करके समूह से पैसा लेकर ईट बनाने का काम कर रहे थे उसमें भी सौरभ सिंधिया द्वारा पैसा ना देकर नुकसान पहुंचाया गया है जिससे घर परिवार चलाना मुश्किल हो गया है साथ में समूह का पैसा वापस करने में भी परेशानी हो रही है शासन प्रशासन द्वारा तत्काल इस संबंध में जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए तत्काल पीड़ित महिला को पैसा पर प्रदान कराया जाए ऐसी मांग पीड़ित महिला द्वारा की गई है